राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0), उ0प्र0।
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण, सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 E-mail-nulmup@gmail.com website: www.sudaup.org

पत्रांकः– 648/241/NULM/तीन/2001(SUH) दिनांक 18/10/2017

सेवा में,

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक
शहर मिशन प्रबंधन इकाई–डूडा
आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, एटा, शाहजहांपुर, बाराबंकी, एवं सिद्धार्थनगर

विषय– दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के घटक "शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजना" (एस0यू0एच0) की स्वीकृति एवं निरस्तीकरण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के घटक "शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजना" (एस0यू0एच0) योजना के अंतर्गत विचाराधीन प्रस्तावों के स्वीकृति/निरस्तीकरण के संबंध में नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–833/69–1–14–14 (104)/2013 दिनांक 23.05.2014 के द्वारा प्रमुख सचिव/सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक दिनांक 23.10.2017 को प्रातः 11:00 बजे सूडा सभागार नवचेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ में आहूत की गयी है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में प्रेषित परियोजनाओं का समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण आप द्वारा किया जाना है। अतः बैठक में परियोजनाओं के प्रस्तुतीकरण आदि हेतु निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, एटा, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर एवं शाहजहांपुर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया परियोजना अधिकारी, डूडा को सुसंगत सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. नगर आयुक्त, नगर निगम– इलाहाबाद, मेरठ एवं आगरा।
3. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एटा, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर एवं शाहजहांपुर।
4. परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, एटा, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर एवं शाहजहांपुर को अनुपालनार्थ।
5. सहायक बेवमास्टर को सूडा की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रभारी नजारत, सूडा को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक